नवभारत 04
सतना, रविवार, 28 जून, 2026

स्कूल में कबाड़ बिक्री, दो चपरासियों को नोटिस

शासकीय संपत्ति का दुरुपयोग, डेढ़ क्विंटल लोहा और 30 किग्रा कापी किताब कबाड़ी को बेचा

नवभारत न्यूज

नागौद, 27 जून । नागौद विकासखंड के पीएम श्री शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, जसो में शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। यहां पदस्थ दो चपरासियों अभिषेक रैकवार एवं घनश्याम कुमार वर्मा पर आरोप है कि उन्होंने स्कूल का डेढ़ क्विंटल लोहा और 30 कुन्टल पुरानी कॉपियां व किताबें बिना सक्षम अनुमति के स्थानीय कबाड़ी को बेच दीं।

मामले का खुलासा प्राचार्य द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में हुआ। प्राचार्य की रिपोर्ट के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने दोनों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब तलब किया है। वहीं डीडीओ द्वारा भी शोकॉज नोटिस दिया गया है।

क्या है नियम-शिक्षा विभाग के अनुसार शासकीय संपत्ति जैसे फर्नीचर, मेज, कुर्सी, लोहा पुरानी कापियां ,किताबे आदि का निस्तारण केवल सक्षम अधिकारी की अनुमति और निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही किया जा सकता है। किसी भी कर्मचारी को अपने स्तर पर स्कूल की सामग्री बेचने का अधिकार नहीं है। यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम, 1965 के नियम-3 का उल्लंघन है।

आगे की कार्रवाई-फिलहाल मामला जांच के स्तर पर है। विभागीय जांच और कर्मचारियों का जवाब मिलने के बाद ही स्पष्ट होगा कि शासकीय सामग्री का विक्रय किन परिस्थितियों में हुआ।

यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई के साथ आपराधिक मामला भी दर्ज किया जाएगा। जबकि साक्ष्य के रूप में कॉल रिकार्डिंग एवं सीसीटीवी रिकार्डिंग एवं कबाड़ी का कबूलनामा है।

प्राचार्य ने 16 जून को भेजी अपनी रिपोर्ट में बताया कि विद्यालय की शासकीय सामग्री को निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना चोरी-छिपे स्थानीय कबाड़ी को बेच दिया गया।मामला थाने में भी दर्ज है।

प्रमुख सचिव ने की पौधरोपण अभियान-2026 की तैयारियों की समीक्षा

चित्रकूट। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश की प्रमुख सचिव वी हेकाली झिमोमी अपने दो दिवसीय दौरे के तहत शुक्रवार को जनपद आईं। इस महत्वपूर्ण दौरे के पहले दिन उन्होंने पौधरोपण अभियान 2026 की तैयारियों की गहन समीक्षा की तथा विभागीय गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। प्रमुख सचिव ने पौधरोपण अभियान 2026 की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। जिसमें आगामी पौधरोपण अभियान की रूपरेखा, लक्ष्य निर्धारण, पौधों की उपलब्धता, गड्ढों की खुदाई, स्थल चयन एवं विभागीय समन्वय जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन मंथन हुआ।

मोहर्रम पर्व पर कोठी में निकाली गई ताजिया

नवभारत न्यूज

कोठी 27 जून । प्रतिवर्षों की भांति इस वर्ष भी कोठी में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा मोहर्रम पर्व के दौरान नगर में ताजिया निकाली गई जिसमें मुस्लिम समुदाय के काफी संख्या में लोग सम्मिलित हुए मोहम्मद पैगंबर के नाती हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाया जाने वाला यह पर्व मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी ही आस्था से मनाते हैं।

इस्लाम धर्म के सबसे पवित्र महीना में से एक मोहर्रम का पर्व होता है जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोग ताजिया निकालते हैं हजरत इमाम हुसैन अपने साथियों सहित कर्बला के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देकर अपना सर्वोच्च बलिदान इस्लाम धर्म की रक्षा के लिए दिया था जिससे यह त्यौहार इस्लाम धर्म के लिए और प्रमुख हो जाता है जिसको मुस्लिम धर्म के लोग बड़े ही शिद्दत के साथ मनाते हैं और ताजिया को कई दिन पहले से ही सजाया जाने लगता है जिसमें नगर के लोग भी सम्मिलित होते हैं और एक दूसरे से गले मिलते हुए हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करते हैं कोठी नगर में यह नजारा अद्भुत होता है जिसको देखते ही बनता है इस वर्ष भी मुहर्रम पर्व के दौरान बड़े ही प्रेमपूर्वक लोगों ने त्योहार को मनाया इस दौरान पुलिस व्यवस्था दुरुस्त रही थाना प्रभारी संतोष तिवारी अपने दल बल के साथ डटे रहे और शांतिपूर्वक त्यौहार मनाया गया काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी सम्मिलित रहे साथ ही हिंदू धर्म के लोगों ने भी उनके त्यौहार में सम्मिलित होकर अपनी सहभागिता निभाई और हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल नगर में पेश की कोठी के वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद हाजी मोहम्मद इकराम ने सभी क्षेत्रीय लोगों का आभार व्यक्त किया।

राम मंदिर का चढ़ावा चोरी करने वालों को भाजपा सरकार भेजे जेल : मान सिंह

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 26 जून भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सियासत लगातार तेज होती जा रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल ने अपनी जांच शुरू कर दी है, लेकिन इस बीच समाजवादी पार्टी ने जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। वरिष्ठ सपा नेता मान सिंह पटेल ने साफ कहा है कि बिना एफआईआर दर्ज किए एसआईटी जांच का कोई कानूनी और व्यावहारिक आधार नहीं बनता।

राम मंदिर से जुड़े इस विवाद ने अब केवल प्रशासनिक या धार्मिक दायरे तक खुद को सीमित नहीं रखा है, बल्कि यह राजनीतिक बहस का भी बड़ा मुद्दा बन गया है। सपा का आरोप है कि जिन अधिकारियों को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उनकी निष्पक्षता पर ही सवाल उठ रहे हैं। मान सिंह पटेल ने कहा कि सरकार ने जिस एसआईटी का गठन किया है।

उसके कुछ सदस्यों को लेकर पहले से ही विभिन्न स्तरों पर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में उनसे निष्पक्ष जांच की उम्मीद करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जब तक इस मामले में औपचारिक एफआईआर दर्ज नहीं होती, तब तक जांच प्रक्रिया अधूरी और संदिग्ध मानी जाएगी।

चित्रकूट में रूरल आई केयर ऐजूकेशन एकेडमी का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 27 जून। परम पूज्य संत रणछोड़ दास जी महाराज द्वारा संस्थापित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट एवं स्टैंडर्ड चार्टर्ड द्वारा चित्रकूट में रूरल आई केयर ऐजुकेशन एकेडमी का शुभारंभ किया गया।

अकादमी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र स्वास्थ्य पर कार्य करने हेतु वर्कफोर्स तैयार करना एवं अगले 3 वर्षों में 20 हजार से अधिक नेत्र देखभाल पेशेवरों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

स्टैंडर्ड चार्टर्ड एवं सदुरू सेवा संघ ट्रस्ट ने आज मध्यप्रदेश के चित्रकूट में स्टैंडर्ड चार्टर्ड सदुरू आई केयर ऐजूकेशन एकेडमी का शुभारंभ मध्यप्रदेश सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थय एवं परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ला द्वारा संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य राजीव नयन चौबे आई0ए0एस0 (सेवानिवृत) एवं स्टैंडर्ड चार्टर्ड की भारत की सस्टेनेविलिटी प्रमुख सुश्री करूणा भाटिया एवं सदुरू सेवा संघ ट्रस्ट के निदेशक एवं कार्यकारी ट्रस्टी डॉ इलेश जैन की उपस्थिति में किया गया।

भारत में ग्रामीण नेत्र स्वास्थय प्रणालियों को मजबूत करने के उद्देश्य से स्टैंडर्ड चार्टर्ड एवं सदुरू सेवा संघ ट्रस्ट के समावेशी प्रयासों से इस एकेडमी का संचालन सदुरू नेत्र चिकित्सालय के माध्यम से किया जायेगा जिसका मुख्य उद्देश्य एक कुशल एवं लैंगिक समावेशी नेत्र देखभाल वर्कफोर्स का निर्माण करना है जो कि वंचित एवं ग्रामीण अंचलों में गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल सुविधाऐं उलब्ध करायेंगे।

एकेडमी का अगले 3 वर्षों में 20 हजार से अधिक नेत्र देखभाल पेशेवरों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ, संबद्ध नेत्र कर्मी (एलाइड ऑपथल्मिक) पर्सनल्स, समुदाय आधारित कैडर और नेत्र देखभाल प्रबंधक शामिलि हैं। एकेडमी में प्रबंधन क्षेत्र में कम से कम 50 प्रतिशत एवं संबद्ध नेत्र कर्मी (एलाइड ऑपथल्मिक) में लगभग 70 प्रतिशत से अधिक वंचित वर्ग की महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

एकेडमी में सदुरू नेत्र चिकित्सालय के बृहद ग्रामीण कार्यक्षेत्र में कार्य करने हेतु रोजगार परक विभिन्न दीर्घकालिक आवासीय कार्यक्रम, अल्पकालिक क्लिनिकल एवं प्रबधकीय पाठ्यक्रम का संचालन किया जायेगा, एकेडमी उच्च स्तर की शिक्षण प्रणालियों जिनमें सिमुलेशन आधारित कौशल प्रयोगशालाऐं, डिजिटल शिक्षण प्रणाली एवं स्किल लैब जैसी सुविधाओं से युक्त होगी।

पांच दशकों से अधिक समय से सदुरू नेत्र चिकित्सालय मध्य और उत्तरी भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली किफायती नेत्र सुविधाओं को प्रदान कर रहा है, स्टैंडर्ड चार्टर्ड के सीइंग इज बिलीविंग (Seeing is Believing) कार्यक्रम के निरंतर सहयोग से इस साझेदारी ने मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडू, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में 8 लाख 50 हजार से अधिक रोगियों की जांच की है, 2 लाख से अधिक चश्में वितरित किये हैं एवं 68 हजार से अधिक लोगों को सर्जरी के माध्यम से नेत्र ज्योति प्रदान की है।

स्टैंडर्ड चार्टर्ड के सीइंग इज बिलीविंग (Seeing is Believing) के सहयोग से सदुरू नेत्र चिकित्सालय द्वारा मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 64 विजन सेंटर स्थापित किये हैं। इन सेंटरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक नेत्र सुविधाऐं उपलब्ध कराना है साथ ही महिला सशक्तीकरण के उद्देश्यों का ध्यान में रखते हुये इन सभी विजन सेंटरों का प्रबंधन महिला विजन टेक्नीशिन द्वारा किया जा रहा है।

मोहर्रम पर निकला पारंपरिक जुलूस

जगह-जगह लगे लंगर, प्रशासनिक व्यवस्था रही चाक-चौबंद

नवभारत न्यूज

नागौद 27 जून। मोहर्रम के अवसर पर नागौद शहर में पारंपरिक रूप से ताजिया एवं मातमी जुलूस निकाला गया जुलूस जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया

जुलूस के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों एवं अकीदतमंदों द्वारा लंगर का आयोजन किया गया। जगह-जगह शरबत, पानी एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित की गई, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। लंगर के माध्यम से आपसी भाईचारे और इंसानियत का संदेश भी दिया गया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा जुलूस के दौरान ,एसडीएम, जितेंद्र वर्मा जी एस डी ओ पी रघु केशरी, थाना प्रभारी अशोक पांडेय, नायब तहसीलदार यादवेंद्र मनी त्रिपाठी, एस आई रंगदेव सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी रही अधिकारियों ने लगातार जुलूस मार्ग का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखी ताजिया कमेटी सदर बुजुर्ग युवाओं एवं गणमान्य नागरिक लोगों का विशेष सहयोग रहा।

सरस्वती शिशु मंदिर घुनवारा में गीत, वंदना एवं मॉड्यूल आधारित शैक्षणिक प्रशिक्षण आयोजित

घुनवारा व तिलौरा के आचार्यों ने भाग लिया

नवभारत न्यूज

अमदरा 27 जून। शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर, घुनवारा में घुनवारा एवं तिलौरा संकुल के आचार्यों के लिए गीत, वंदना एवं मॉड्यूल आधारित शैक्षणिक कार्य का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के संयोजक दिनेश कुमार सोनी, तिलौरा संकुल प्रमुख रामचन्द्र गर्ग, सह संकुल प्रमुख रामगरीब कुशवाहा तथा विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती हेमलता सूत्रकार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रशिक्षण में घुनवारा एवं तिलौरा संकुल से कुल 15 आचार्य एवं दीदियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण का विषय प्रतिपादन संकुल प्रमुख रामचन्द्र गर्ग द्वारा प्रभावी एवं व्यवहारिक रूप से किया गया, जिसमें मॉड्यूल आधारित शिक्षण पद्धति, गीत एवं वंदना के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर संयोजक दिनेश कुमार सोनी ने अपने आशीर्वचन में आचार्यों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को विद्यालयीन कार्य में प्रभावी रूप से लागू करने का आह्वान किया। अंत में कल्याण मंत्र के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।

पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना चित्रकूट का वी वार्ड वाटर पार्क

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 26 जून जिले में पर्यटकों तथा देशवासियों के लिए मनोरंजक तथा मनमोहक वी वार्ड वाटर पार्क इस समय चित्रकूट में गर्मियों से राहत का केन्द्र बना हुआ है। बच्चों बड़े बुजुर्गों सभी के आकर्षण का केन्द्र बन गया है। वाटर पार्क में स्वच्छता तथा पानी की शुद्धता के लिए 90 नोजल के आधुनिक वाटर फिल्टर प्लांट लगाए गए हैं।

वी वार्ड वाटर पार्क के निदेशक समाजसेवी शानू गुप्ता ने बताया कि वाटर वैक्यूम स्वीपिंग मशीन तथा नियमित रिसाइक्लिंग की व्यवस्था की गई है तथा अन्य आधुनिक उपकरणों का प्ले पूल वाटर रेन डांस वाटर स्लाइड्स रेनबो हल्क वाटर फाल जैसी सुविधाओं का बच्चे नवजवान महिलाएं तथा बुजुर्ग सभी वहाँ आनन्द ले रहे है। पार्क के अंदर द जंगल सफरी मोगली की जंगल थीम बनाई गई है जहाँ वन्य जीवों के स्टेच्यू आकर्षण का केन्द्र हैं यहाँ लोगों के खाने की व्यवस्था है। यह जंगल थीम रेस्टोरेंट यूपी के पहले आकर्षक थीम में खाने की जगह है जिसमे लोग खाने के साथ खूब सेल्फी लेते है वी वर्ल्ड पार्क में प्रशिक्षित स्टाफ सेफ फेमिली सेक्युरिटी सुरक्षा के लिए 26 एआई वाइस कैमरे निगरानी के लिए लगाए गए हैं कॉस्ट्यूम लाकर सावर चेंजिंग विशेष स्वच्छता तथा भारत के प्रमुख स्थलों का चित्रांकन के साथ फास्ट ऐड तथा अन्य सुविधाओं से लैस है बुंदेलखंड में चित्रकूट का यह पार्क आने वाले श्रद्धालुओं पर्यटकों को खूब भा रहा है। लोग खूब मस्ती करते है यह पार्क चित्रकूट के साथ अतर्रा बाँदा हमीरपुर तथा अन्य जिलों से लोगों के लिए सुविधा का केन्द्र है लोग एंटरटेनमेंट के लिए कानपुर प्रयागराज तथा लखनऊ जाते थे अब मनोरंजन का बहुत ही अच्छा केन्द्र चित्रकूट कर्वी में वी वर्ल्ड थीम पार्क खुल गया है अब कम खर्चे में लोग भरपूर आनंद ले रहे है यहाँ कानपुर प्रयागराज रायबरेली तथा अन्य जिलों से भी लोग आकर भरपूर आनन्द ले रहे है।वहीं सीमा सिंह,उपमा देवी,पूनम कुमारी,हार्दिक पटेल एवं रत्नेश सिंह आदि का कहना है कि समाजसेवी शानू गुप्ता ने वी वार्ड वाटर पार्क के माध्यम से चित्रकूट को एक बडी सौगात दी है। आज चित्रकूट वासियों को कानपुर,सतना,प्रयागराज आदि महानगरों को जाने की जरूरत नहीं है। चित्रकूट में ही वाटर पार्क की सुविधा उपलब्ध हो गई है।

मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना के ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक कर सकेंगे विद्यार्थी

सतना। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना का वित्तीय वर्ष 2026-27 में ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक किये जा सकेंगे। योजना के प्रभावी संचालन के लिए एनआईसी मध्यप्रदेश के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है, जिसके माध्यम से पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। योजना के अंतर्गत अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थी पात्रतानुसार स्वयं स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

एक पेड़ मां के नाम किया गया वृक्षारोपण

पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल नागौद में इकोक्लब के अंतर्गत आयोजन

नवभारत न्यूज

नागौद 27 जून।आज दिनांक 27 जून 2026 को पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल नागौद में इको क्लब के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम का रोपण संस्था के प्राचार्य ए पी सिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

प्राचार्य श्री सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा की वृक्ष और मानव का नाता जन्म जन्मांतर से है है। आज हमने केवल वृक्ष काटने और नष्ट करने की जिम्मेदारी ली हुई है जबकि वृक्षारोपण हमारे जीवन के लिए नितांत आवश्यक है हम सबको आज के इस शुभ अवसर पर शपथ लेनी चाहिए की एक पेड़ मां के नाम का रोपण अपने-अपने घरों में भी करें साथ ही उसे संरक्षित भी करें तभी वृक्षारोपण का असली उद्देश्य पूरा हो सकेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती रत्ना सिंह, बृज वाला प्रजापति, शांति सिंह, नीलम गुप्ता,मनीषा मिश्रा, राकेश प्रताप सिंह, आशीष कुमार गर्ग, यश श्रीवास्तव व सहयोगी दीपक कुमार रैकवार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

मोहर्रम पर निकला ताजिया जुलूस,मनाया गया मातमी त्योहार

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 27 जून। इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने में मनाए जाने वाले त्योहार मोहर्रम को जनपद मुख्यालय सहित सभी कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया।



पैगंबर मोहम्मद साहब के नाती हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की कर्बला में हुई शहादत की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है और त्याग के महीने के रूप में मनाया जाता है। पुरानी बाजार स्थित मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों की मजलिस की । कर्बला की घटनाओं इमाम हुसैन के बलिदान और उनके संदेशों का बखान किया गया । उटार खाना, कजियाना, काली देवी चौराहा के पास रहने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की और कुरान की तिलावत की । अनेकों लोगों ने रोजा रखा और इमाम हुसैन और उसके साथियों की याद में प्याऊ लगवा कर गरीबों को शरबत पानी और खाना बनाकर खिलाया गया । खाने के रूप में पूरी सब्जी इत्यादि बांटा गया । बताया जाता है कि शिया समुदाय के लोग शौक के प्रतीक के रूप में इस दिन काले कपड़े पहनते हैं और इमाम हुसैन की शहादत का गम मानते हैं लेकिन शहर में शिया मुसलमान की संख्या काफी कम बताई जाती है ताजिया ढोल नगाड़े बनाए गए और उन्हें दफ्नाया गया । इस दौरान पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही । एसपी अरुण कुमार सिंह शहर में घूम-घूम कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे । पुलिस उपाधीक्षक सिटी सत्येंद्र पटेल के निर्देशन मे पुलिस बल पूरे शहर में तैनात । कहीं पर भी किसी भी अपनी घटना से निपटने के लिए पीएसी बल की भी व्यवस्था की गई थी खास बात यह रही कि पूरे शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने के लिए यातायात प्रभारी की भी ड्यूटी लगाई गई थी वह भी यातायात व्यवस्था को कंट्रोल करते दिखे शहर के मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहनों की आवाजाही बनाए रखने के लिए रूट रूट डायवर्जन भी किया गया था भारी वाहनों को लिक तिराहे से होकर निकाला जा रहा था कहीं पर कोई भी आपरी घटना होने के समाचार नहीं मिले। वहीं मोहर्रम के अवसर पर राजापुर कस्बे में इमामबाड़ा से परंपरागत ताजिया जुलूस अकीदत, अनुशासन और गंगा-जमुनी तहजीब के साथ निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के महिला-पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। कस्बे में 'या हुसैन' की सदाओं से गूंज उठा और लोगों ने कर्बला के शहीदों को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

एक नजर में

दिदौंध में मंदिर निर्माण कर किया शिव जी की स्थापना

कोठी। दिदौंध गांव के निवासी समाजसेवी व्यवसायी दिलीप सिंह द्वारा अपने निज निवास में भव्य मंदिर का निर्माण करवा कर भगवान शिव जी की स्थापना की गई जिसमें पूजा अनुष्ठान के साथ भंडारे का आयोजन किया गया तीन दिन तक लगातार भगवान शिव की स्थापना के दौरान मंदिर परिसर पर पूजा अनुष्ठान का विधवत आयोजन पूज्य पंडितों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ किया गया एवं शनिवार को हवन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्र के कई सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पहुंचकर भगवान का प्रसाद ग्रहण किया।

आज पिलाएं दो बूंद जिंदगी के लिए

रामनगर। मैहर जिला रामनगर में ब्लाक मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार रामनगर ब्लॉक में दो बूंद पल्स पोलियो का अभियान चलाया गया है जिसमें ब्लॉक मेडीकल आफिसर डॉ आलोक अवधिया ने सभी शहरवासियों एवं क्षेत्र वासियों से दिनांक 28 जून 2026 को अपने-अपने नजदीकी पोलियो भूत एवं आंगनबाड़ी केंद्र और स्वास्थ्य विभाग में पहुंच कर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दो बूंद जिंदगी के लिए अवश्य पिलवाएं ।

आज पिलाई जाएंगी दो बूंद जिंदगी की

अमदरा । राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार, 28 जून 2026 को जिले सहित पूरे प्रदेश में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं, ताकि भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने का संकल्प मजबूत हो सके। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार भारत भले ही पोलियो मुक्त घोषित हो चुका है, लेकिन दुनिया के कुछ देशों में अभी भी पोलियो के मामले सामने आते हैं। ऐसे में बीमारी की पुन: वापसी की आशंका को देखते हुए प्रत्येक अभियान में सभी बच्चों को पोलियों की दवा पिलाना आवश्यक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सतना डाक्टर मनोज शुक्ला ,सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय मैहर डाक्टर श्रीमती एस बी अवधिया और विकास खंड चिकित्सा अधिकारी अमदरा डॉक्टर पीयूष पांडे ने अपील की है कि जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को, चाहे उसने पहले कितनी भी बार पोलियो की दवा पी हो, इस अभियान में भी खुराक अवश्य दिलाई जाए।